प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महिलाओं में सरोज, रितिका, नीता,

पुरूषों में पवन, सुदीश, नीतिश, संदीप, सुरेन्द्र, सुरेश व अशोक 100 मीटर दौड़ में रहे अव्वल

पन्तनगर। 4 मार्च 2025। स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक प्रतियोगिता के पहले दिन की रस्साकसी की प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रशासनिक भवन ने प्रौद्योगिक महाविद्यालय तथा प्रशासनिक भवन ने ही कृषि महाविद्यालय को हरा दिया। जबकि 100 मीटर की दौड़ के महिला वर्ग के 30 वर्ष से कम आयु वर्ग में सरोज चौहान ने पहला, अमरेश चौधरी ने दूसरा तथा ज्योति कुमारी ने तीसरा, 35 से अधिक आयुवर्ग में डा. रितिका भट्ट ने पहला, पूर्णिमा ने दूसरा तथा अनिता धामी ने तीसरा तथा 40 से अधिक आयु वर्ग में नीता पाण्डेय ने पहला, बसंती ने दूसरा तथा सुनीता कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि पुरूष वर्ग के 30 वर्ष से नीचे पवन जोशी को पहला, हरीश को दूसरा तथा हिमांशु जोशी को तीसरा स्थान, 30 वर्ष से अधिक में नीतीश रावत को पहला, रजत शर्मा को दूसरा तथा शशांक शर्मा को तीसरा, 35 से अधिक आयु में संदीप रमोला को पहला, विनय बलूनी को दूसरा तथा जगदीश चन्द्र जोशी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। 40 से अधिक आयुवर्ग में सुदीश राय, कुंदन सिंह तथा राम करन को क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान, 45 से अधिक आयुवर्ग में सुरेन्द्र बिष्ट को पहला, पंकज सिंह को दूसरा तथा मोहन चन्द्र भट्ट को तीसरा स्थान, 50 से अधिक आयुवर्ग में एसके राजपूत, अशोक कुशवाहा तथा प्रभाकर जोशी को क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल हुआ। 55 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में अशोक कुमार को पहला, योगेश पंत को दूसरा तथा डा. एसके श्रीवास्तव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजयी प्रतिभागियों को पूर्व स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य डा. संजीव कुमार, डा. डी.पी. सिंह, डा. मंजू जोशी, व प्रभाकर जोशी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के संयुक्त सचिव अजीत यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह नेगी, मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी व डा. मंजु जोशी, संयोजक एथलेटिक मोहित कुमार, संयोजक क्रिकेट शशांक शर्मा, संयोजक बैडमिंटन सुदीश राय, संयोजक फुटबाल अनिल कुमार जोशी, विजय कुंवर आदि का विशेष सहयोग रहा।

विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

निदेशक संचार